# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 05.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर “,अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, हिन्दुस्तान, जनसंदेश टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, न्यायाधीश,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 05.03.2025

### वीडीए ने तीन बीघे की अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त कराई

**वाराणसी।** सारनाथ वार्ड के कमौली चौबेपुर में तीन बीघे में अवैध प्लॉटिंग मयंक सिंह की ओर से विकसित की जा रही थी। इसे पूर्व में नोटिस दिया गया था। बावजूद इसके काम कराने पर वीडीए की टीम ने मंगलवार को इसे ध्वस्त कराया। जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश की अगुवाई में ध्वस्तीकरण कार्रवाई की गई। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 05.03.2025

### गंगा किनारे 200 मीटर दायरे में स्वीकृत फाइलों का रिकॉर्ड रखें

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्र ने मंगलवार को वीडीए में नियोजन विभाग की समीक्षा की। इस दौरान कार्यों की प्रगति पर जोर दिया गया। गंगा किनारे 200 मीटर के दायरे में स्वीकृत सभी फाइलों का व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड रखा जाए। धारा 80 से संबंधित फाइलों और पेट्रोल पंप से संबंधित आवेदन आवंटन की अलग-अलग रजिस्टर में प्रविष्टि करने का भी निर्देश दिए। ब्यूरो

### शास्त्री नगर कॉलोनी की 14 दीवारों पर होगी पेंटिंग

**वाराणसी।** शास्त्री नगर कॉलोनी में वॉल पेंटिंग कराई जाएगी। कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए मंगलवार को वीडीए की ओर से कांशीराम आवास योजना में वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों के साथ मिलकर पेंटिंग गतिविधियों में भाग लिया। शास्त्री नगर कॉलोनी की कुल 14 दीवारों पर पेंटिंग कराई जाएगी। ब्यूरो

## अमर उजाला–दि0 05.03.2025

# भोजूबीर से पांडेयपुर तक दो मीटर का होगा पाथवे

वाराणसी। भोजुबीर से पांडेयपुर तक दो मीटर का पाथवे बनेगा। इस संबंध में मंगलवार को वीडीए में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि भोजूबीर से पांडेयपुर मार्ग पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज के लिए यातायात सुविधा को बेहतर किया जाएगा। इसी उद्देश्य से पाथवे बनाने की योजना बनाई गई है।

**शहर के सुंदरीकरण और यातायात सुधार के लिए किया जाएगा कार्य**

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कहा कि यह परियोजना शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के साथ-साथ शहर के सुंदरीकरण में भी अहम योगदान करेगी। पार्किंग क्षेत्र, लैंडस्केपिंग, थीम आधारित स्कल्पचर, फूडकोर्ट, वेंडिंग जोन का निर्माण कराया जाएगा। इस परियोजना से पं. दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के पास फुटपाथ और बेहतर हो जाएगा। इससे मरीजों और मेडिकल छात्रों के लिए यातायात सुविधा में सुधार होगा।

पार्किंग क्षेत्र का विस्तार होने से पार्किंग की समस्या का समाधान होगा। लैंडस्केपिंग और स्कल्पचर से इस क्षेत्र का सुंदरीकरण होगा। फूडकोर्ट बनने से भी उन्हें सुविधा मिलेगी। बैठक में अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक अभियंता अनुज सिंह आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 05.03.2025

# वाल पेंटिंग में भाग लेंगे देश विदेश के कलाकार

जागरण संवाददाता वाराणसी: विकास प्राधिकरण शास्त्री नगर कालोनी में वाल पेंटिंग कार्य कराया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के कलाकार भाग लेंगे और कला संस्कृति को बढ़ावा देंगे।

शास्त्री नगर कालोनी की सभी 14 दीवारों पर पेंटिंग कार्य किया जाएगा। इसमें कई प्रमुख आर्टिस्ट भाग ले रहे हैं जिनमें कंबोडिया से "चिफुमी", अहमदाबाद से तुषार काम्बले, दिल्ली से रुचिन सोनी और अन्य आर्टिस्ट्स शामिल हैं। यह पहल वाराणसी को कला-संस्कृति के दृष्टिकोण से और भी समृद्ध बनाने में सहायक होगी।

आज–दि0 05.03.2025

## भोजूबीरसे पाण्डेयपुरतक बनेगा पाथवे

भोजूबीरसे पाण्डेयपुरतक सड़क सुधार परियोजनाको लेकर विप्रा उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपालके नेतृत्वमें बैठक आयोजित की गयी। बैठक का प्रमुख उद्देश्य था कि मेडिकल कालेजके लिए यातायात सुविधाको सुदृढ़ किया जाय। इसके अलावा भोजूबीरसे पाण्डेयपुरतक शहरी सौन्दर्यीकरण और यातायातमें सुधारके लिए दो मीटर चौड़ा पाथवे, पार्किंग क्षेत्र, लैण्डस्केपिंग, टीमपर आधारित स्कल्पचर, फूडकोड और बिडिंग जोनपर विशेषकर चर्चा हुई। परियोजनामें दीनदयाल उपाध्याय हास्पिटल और प्रस्तावित मेडिकल कालेजके पास फुटपाथको बेहतर करना है जिससे मरीजों और छात्रोंके लिए सुगम यातायात रहे। पार्किंग क्षेत्रके विस्तार होनेसे जामकी समस्याका समाधान होगा। चिकित्सा संस्थानके लिए वातावरण बेहतर होगा। फूडकोडसे कर्मचारियों और छात्रोंको सुविधा मिलेगी। बैठकमें अपर सचिव गुडकेश शर्मा, अधीक्षण अभियन्ता अजय पवार, सहायक अभियन्ता अनुज सिंहके अलावा नगर निगम, जलकल, जल निगम, विद्युत विभाग और लोक निर्माण विभागके अधिकारी और अभियन्ता मौजूद थे।

## अवैध प्लाटिंगपर चली जेसीबी

विप्रा उपाध्यक्षके निर्देशपर मंगलवारको प्रवर्तन टीमने वार्ड सारनाथ मौजा कमौलीमें मयंक सिंह नामक काश्तकार बिना अनुमतिके प्लाटिंगकी कारर्वाई कर रहा था। लगभग तीन बीघा जमीनपर प्लाटिंगके बाद निर्माण कार्य भी किया जा रहा था। मौकेपर जोनल अधिकारी श्रीप्रकाश, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, क्षेत्रीय सुपरवाइजर, संबंधित थानेकी पुलिसकी देखरेखमें प्रवर्तन विभागने जेसीबी के माध्यमसे निर्माणको ध्वस्त कर दिया।

हिन्दुस्तान–दि0 05.03.2025

## शास्त्री नगर कॉलोनी बनाई जाएगी फोटोजेनिक स्पॉट

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासन की ओर से विभिन्न कॉलोनियों में वॉल पेंटिंग कराई जा रही है। मंगलवार को कांशीराम आवास परिसर में इस विषय पर कार्यशाला हुई। कर्व ऐंड कलर्स संस्था की ओर से वर्कशॉप में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों के साथ पेंटिंग गतिविधियों में हिस्सा लिया। वीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि शास्त्री नगर कॉलोनी को फोटोजेनिक स्पॉट के रूप में भी उभारा जाएगा। यह खूबसूरत बैकग्राउंड लोगों को यादगार तस्वीरें खींचने के लिए प्रेरित करेगा। सोशल मीडिया पर भी खास पहचान बनाएगी। वर्कशॉप में साधु की वॉल पेंटिंग बनाई गई। जो काशी की सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान को उजागर करती है।

## जनसंदेश टाइम्स—दि0 05.03.2025

### भोजूबीर से पाण्डेयपुर तक होगा शहरी सौंदर्यीकरण

**तैयारी**

**पाथवे, लैंडस्केपिंग, थीम आधारित स्कल्पचर का होगा जल्द निर्माण**

**यातायात सुधार हेतु बहुप्रतीक्षित परियोजना पर वीडीए का मंथन**



वाराणसी। भोजूबीर से पाण्डेयपुर तक शहरी सौंदर्यीकरण के तहत बेहतर विकास किया जाएगा। जहां पाथवे ,लैंडस्केपिंग,थीम आधारित स्कल्पचर का जल्द निर्माण होगा। इसको लेकर वीडीए ने मंगलवार को बैठक की। वहीं यातायात सुधार हेतु बहुप्रतीक्षित परियोजना पर मंथन भी किया। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल की उपस्थिति में हुई महत्वपूर्ण बैठक में शहरी सौंदर्यीकरण और यातायात सुधार के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई। जिसमें भोजूबीर-पांडेयपुर क्षेत्र को बेहतर बनाए जाने का निर्णय किया गया। इस दौरान तय किया गया कि उक्त मार्ग में 2 मीटर चौड़ा पाथवे और पार्किंग क्षेत्र बनाया जाएगा। जहां लैंडस्केपिंग,थीम आधारित स्कल्पचर का निर्माण होगा,वहीं फूड कोर्ट और वेंडिंग जोन के बनाया जाना प्रस्ताव में शामिल है। इस दौरान प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज हेतु यातायात सुविधा को सुदृढ़ करने का निर्णय किया गया। इस परियोजना से पं.दीन दयाल उपाध्याय हापिस्टल और प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज के पास फुटपाथ पहले से बेहतर किया जाएगा। जिससे मरीजों और छात्रों के लिए यातायात सुविधा में सुधार होगा और पार्किंग क्षेत्र का विस्तार होने से पार्किंग की समस्या का समाधान होगा। लैंडस्केपिंग और स्कल्पचर से इस क्षेत्र का सौंदर्यीकरण होगा, जो आसपास के चिकित्सा संस्थानों के वातावरण को बेहतर बनाएगा। फूड कोर्ट की स्थापना से अस्पताल और कालेज के कर्मचारियों और छात्रों को भी सुविधा मिलेगी। यह सुधार क्षेत्र को नई पहचान देगा और आसपास के संस्थानों के विकास में मदद करेगा। इस अवसर पर अपर सचिव गुडाकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता अजय पवार, सहायक अभियंता अनुज सिंह, नगर निगम, जल कल, जल निगम, विद्युत, पी.डब्लू.डी. विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सहारा—दि0 05.03.2025

### वीडीए ने सारनाथ वार्ड में अवैध प्लाटिंग किया ध्वस्त

वाराणसी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अवैध निर्माण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को वीडीए की जोन-2 प्रवर्तन टीम ने सारनाथ वार्ड अन्तर्गत मयंक सिंह के द्वारा मौजा-कमौली में बिना ले-आउट स्वीकृत लगभग तीन बीघा में किए गए अवैध प्लाटिंग पर बीते दिनों नोटिस की कार्रवाई की गयी थी। वहीं, मंगलवार को उक्त अवैध प्लाटिंग को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। मौके पर जोनल अधिकारी प्रकाश, अवर अभियंता विनोद कुमार प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

### वीडीए उपाध्यक्ष ने वाल पेंटिंग को रंगों से संवारा



वाराणसी। वीडीए द्वारा शास्त्री नगर कॉलोनी में वाल पेंटिंग कार्य कराया जा रहा है। इसी क्रम में कांशी राम आवासीय योजना में मंगलवार को 'कर्व एंड कलर्स' संस्था द्वारा एक विशेष वर्कशॉप किया गया। वर्कशॉप में वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बच्चों के साथ मिलकर पेंटिंग गतिविधियों में प्रतिभाग किया। वर्कशॉप में 'साधु' की वाल पेंटिंग बनाई गई है जो क्षेत्र की सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान को उजागर करती है। शास्त्री नगर कॉलोनी की कुल 14 दीवारों पर पेंटिंग कार्य किया जाएगा। पेंटिंग कार्य में कम्बोडिया के चिफुमी, अहमदाबाद के तुषार काम्बले, दिल्ली के रुचिन सोनी सहित अन्य आर्टिस्ट्स शामिल हैं। यह पहल वाराणसी को कला और संस्कृति के दृष्टिकोण से और भी समृद्ध बनाने में सहायक होगी।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 05.03.2025

### स्वीकृत फाइलों को व्यवस्थित रूप से रखें

**वाराणसी।** वीडीए सचिव की अध्यक्षता में नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। बैठक के दौरान नियोजन विभाग के कार्यों की प्रगति, फाइलों के रखरखाव और विभिन्न प्रक्रियाओं के सुचारू संचालन को लेकर निर्देश दिए गए। सचिव ने निर्देश दिए कि गंगा किनारे 200 मीटर के दायरे में स्वीकृत सभी फाइलों का व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड रखा जाए व धारा 80 से संबंधित फाइलों और पेट्रोल पंप से सम्बन्धित आवेदन आवंटन की अलग-अलग रजिस्टर में प्रविष्टि करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में पुरातत्व विभाग की सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से संबंधित पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से तैयार करने पर बल दिया गया। नगर नियोजक को नियोजन विभाग में कार्यरत कार्मिकों के बीच कार्य विभाजन के लिए निर्देश दिया। बैठक मेंनगर नियोजक प्रभात कुमार, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता, प्रिया अग्रहरी आदि उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश–दि0 05.03.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण में नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित



वाराणसी ।वाराणसी विकास प्राधिकरण में 04.03.2025 को सचिव वाविप्रा की अध्यक्षता मे नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नियोजन विभाग के कायी की प्रगति, फाइलों के रखारखाव और विभिन्न प्रक्रियाओं के सुचारु संचालन को लेकर निर्देश दिए गए। सचिव महोदय ने निर्देश दिए कि गंगा किनारे 200 मीटर के दायरे में स्वीकृत सभी फाइलों का व्यवस्थित रूप से रिकॉर्ड रखा जाए व धारा 80 से संबंधित फाइलों और पेट्रोल पंप से सम्बन्धित आवेदन आवंटन की अलग-अलग रजिस्टर में प्रविष्टि करने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में पुरातत्व विभाग की सीमाओं के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से संबंधित पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से तैयार करने पर बल दिया गया। नगर नियोजक को नियोजन विभाग में कार्यरत कार्मिको के बीच कार्य विभाजन के लिए निर्देशित किया बैठक के दौरान, नगर नियोजक प्रभात कुमार, अवर अभियंता जय प्रकाश गुप्ता,प्रिया अग्रहरी, कर्मचारी , उपस्थित रहे। सचिव महोदय ने अधिकारियों को फाइलों के व्यवस्थित प्रबंधन और कार्य संचालन मे दक्षता लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## न्यायाधीश–दि0 05.03.2025

### वाविप्रा जोन-2 ने की अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी। वाविप्रा उपाध्यक्ष द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम मे वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2 की प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी। वार्ड- सारनाथ के अन्तर्गत मयंक सिंह के द्वारा मौजा-कमौली, थाना-चौबेपुर में लगभग 3 बीघा मे की अवैध प्लाटिंग बिना ले -आउट पास कराये अवैध प्लाटिंग विकशित की जा रही थी,30प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही की गयी थी, उक्त अवैध प्लाटिंग को आज 04.03.2025 को प्रवर्तन टीम एवं पुलिस बल के सहयोग से प्लाटिंग ध्वस्त किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश,अवर अभियंता विनोद कुमार प्रवर्तन दल सहित समस्त सुपरवाइजर व पुलिस बल उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदे तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।